# झोलाछाप डॉक्टर का कारनामा : बीमार दादी की जगह पोते को लगा दिया इंजेक्शन

**शिकायत करने पर धमकाया, नहीं लिखी रिपोर्ट**

**युवक ने बच्चे संग कलेक्टर से लगाई कार्यवाही की गुहार**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** झोलाछाप डॉक्टरों की बजह से कई लोग असमय ही काल के गाल के समा जाते है, तो वहीं इनके कई साइडफेक्ट देखने को मिलते है, ऐसा ही अजब-गजब मामला गुरूवार को सामने आया, जब एक युवक ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वह अपनी मां को इलाज कराने के लिए झोलाछाप डॉक्टर के पास पहुंचा था, लेकिन उसने उसकी मां की जगह उसके बेटे को इंजेक्शन लगा दिया, यह गनीमत रहीं कि बच्चों को कोई साइडफेक्ट नहीं हुआ और वह स्वस्थ है। इस सबंध में जब युवक द्वारा डॉक्टर से शिकायत की गई तो उसने अपनी गलती मानने की जगह उल्टा उसे ही धमका दिया। जिसके बाद वह डॉक्टर की शिकायत करने सारसखेड़ी चौकी पर गया, लेकिन पुलिस उसकी बातों की अनसुना कर दिया। जिसके बाद उसने गुरूवार को कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों पान की दुकानों से ज्यादा गली मोहल्लो और गांव खेड़ो में नजर आती है, जो चार बोतल, इंजेक्शन और कुछ गोलिया रखकर शटर खोलकर बैठ जाते है और अपने आपको को डॉक्टर कहलवाने लगते है। इन झोलाछापों का डिग्री से कोई वास्ता नहीं रहता है। वह अपनी दुकाने चलाने और उन्हें सजाने के लिए वह सत्ताधारी दल की दरी उठाते हुए नजर आते है और नेताओं के आगे-पीछे जय-जय कार करते हुए दिखाई देते है, जिसके कारण इन पर स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई करने से कतरता है।

**गलती मानने की जगह डॉक्टर ने दी धमकी**

गुरूवार को कलेक्टर से की गई शिकायत में खमखेड़ी निवासी कृष्णपाल यादव पुत्र विक्रमसिंह यादव ने बताया कि उसकी माताजी की तबीयत खराब थी, जिसके चलते वह ढाकोनी स्थित डॉ शर्मा के पास मां का इलाज कराने के लिए पहुंचे, इस दौरान उनका बेटा आदित्य भी साथ में था। जहां डॉक्टर ने मां को देखने के बाद इंजेक्शन लगाने के लिए बोला, जिसके बाद डॉक्टर के लड़के द्वारा उनके बेटे आदित्य को जबरजस्ती इंजेक्शन लगा दिया। इसके बारे में जब उन्हें बताया तो उन्होंने अपनी गलती मानने की बजह उल्टा धमकी देते हुए कहा कि जहां दिखे सो शिकायत कर दो मेरा कोई कुछ नहीं बिगड़ सकता। इस शिकायत में सबसे चौकानी वाली बात जो सामने आई है, वह कि जब आदित्य को इंजेक्शन लगाया जा रहा था, तब उसके पिता और दादी क्या कर रहे थे।

**कलेक्टर, एसपी से लगाई गुहार**

बेटे को बिना बीमारी इंजेक्शन लगाए जाने और झोलाछाप डॉक्टर धमकी मिलने के बाद जब खमखेड़ी निवासी युवक द्वारा इसकी शिकायत सारसखेड़ी चौकी करने गए तो वहां उनकी बात नहीं सुनी गई। जिसके बाद युवक द्वारा गुरूवार को कलेक्टर और एसपी से गुहार लगाते हुए उक्त झोलाछाप डॉक्टर पर कार्यवाहीं किए जाने की मांग की गई।

***इनका कहना है।***

*बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाने की शिकायत मिली है, जिसके बाद बीएमओ ईसागढ़ को निर्देशित किया गया है वह मौका स्थल पर पहुंचकर यथा स्थिति की जांचे और संबंधित के खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाहीं करे।*

***डॉ. अलका त्रिवेदी,***
***मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोकनगर।***

# ब्रेकअप के बाद युवक ने खाया जहर

**मेटा ने दिया अलर्ट तो मौके पर पहुंची पुलिस**

**समय पर उपचार मिलने पर युवक की हालत में सुधार**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अपने परिजनों के गुजर जाने और गर्ल फ्रेड से ब्रेकअप होने के बाद एक 23 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन आत्महत्या से पूर्व उसने स्नैपचैट पर आत्महत्या से जुड़ी हुई पोस्ट शेयर की, जिसे मोबाइल के मैटा ने पकड़ लिया और सायबर टीम को अलर्ट दिया। इसके बाद सायबर टीम ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जहर पी चुके युवक को जिलाअस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद युवक की हालत में सुधार है, इस घटना में जहां पुलिस, सायबर टीम और मेटा युवक के परिजनों के लिए फरिश्ता बनी, क्योंकि जिस समय युवक द्वारा जहर पिया किया गया, उसकी जानकारी उसके परिजनों को तक नहीं थी।

कोतवाली प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि स्नैपचैट पर हुई पोस्ट को मेटा ने पकड़ा। मेटा ने तत्काल दिल्ली साइबर सेल को सूचित किया। दिल्ली से अशोकनगर साइबर सेल को युवक का मोबाइल नंबर और नाम भेजा गया। जिसके बाद सब इंस्पेक्टर अक्षय कुशवाहा और साइबर प्रभारी मसीह खान की टीम मौके पर पहुंची। जहां से युवक की जहरखुरानी की पुष्टि होने के बाद उसे तत्काल जिलाअस्पताल लाया गया और उसे भर्ती किया गया। जहां उपचार के बाद युवक की हालत में सुधार है। थाना प्रभारी श्री चौहान ने बताया कि युवक का किसी लड़की से ब्रेकअप हो गया था। इसके साथ ही कुछ दिनों पहले ही उसके ताऊ की भी मृत्यु हो गई थी, जिसके कारण वह डिप्रेशन में था और उसने ऐसा कदम उठाया।



# हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सभी को मिले : उमेश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। केंद्र तथा राज्य की भाजपा सरकार बनवासी आदिवासी भाई बहनों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आ सके और वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।**

प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी महिला बहनों को साग-सब्जी के लिए एक हजार रुपए महीने दिए जाते हैं। लेकिन ईसागढ़ क्षेत्र की कुछ हितग्राहियों को पिछले तीन माह से उक्त राशि प्राप्त नहीं हुई, बारिश और त्योहार के मौसम में घर चलने वाली ग्रहणी के लिए राशि का ना आना परेशानी का सबब बन गया। ग्राम भरौली एवं आसपास की करीब आधा सैकड़ा हितग्राही महिला बहनों ने भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर, उन्हें अपनी परेशानी बताई, और समाधान की मांग की। इस पर पूर्व जिलाध्यक्ष श्री रघुवंशी ने तत्काल जनपद पंचायत ईसागढ़ एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र राशि दिलाने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण आहार के लिए सुपरवाइजर रजनी बालू एवं चंचल अहिरवार से बात की। किसान सम्मान निधि नामांतरण के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिले, ऐसी सरकार की मंशा है, सरकार अंतोदय के विचार को लेकर काम कर रही है। जब तक अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का विकास नहीं होगा देश का विकास कैसे संभव है। पूर्व जिलाध्यक्ष के निर्देश पर अधिकारियों ने उक्त समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

**एक नजर में**

## आपदा राहत, बाढ़ बचाव की मॉकड्रिल आज

**अशोकनगर।** कलेक्टरर एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष आदित्य सिंह के आदेशानुसार आपदा राहत, बाढ बचाव की मॉकड्रिल प्रात 11 बजे तुलसी सरोवर (विमानों का चबूतरा) अशोकनगर पर आयोजन किया गया है।

## बच्चों को गुड टच- बेड टच की दीं जानकारी

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में न्यायाधीश/सचिव मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल रफीक खान की उपस्थिति में गुरूवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 4, अशोकनगर, शासकीय क्रमांक 3, अशोकनगर एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय, मारूप जिला अशोकनगर में नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना, 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र-त्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, गुड टच- बेड टच, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम, बाल विवाह की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शिविर में बच्चों को बताया गया कि अगर आपके आसपास जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं, उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी। उक्त शिविर में विद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।

## आईएसएस योजना के तहत शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** नगर पालिका द्वारा इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम योजना का लाभ देने हेतु नगर के प्रमुख चौराहों पर आमजन की जानकारी के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। जिनमें नपा कर्मचारी उपस्थित रहकर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी लोगों को दे रहे हैं । इस योजना के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जो स्वयं के कच्चे भवन को बनाने के लिए बैंक से 25 लाख रुपए तक का लोन लेना चाहते हैं उन्हें शासन की ओर से 1.80 लाख की सब्सिडी दी जावेगी।

# मूसलाधार बारिश से बाढ़ की चपेट में आए तीन गांव

## विधायक ने किया ग्रामों का दौरा, ग्रामीणों को दिया हरसंभव मदद का आश्वासन

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात मूसलाधार बारिश से तीन ग्रामों में बारिश कहर बनकर टूटी और बाढ़ आ गई। जिससे लोगो के घरों में बारिश का पानी भर गया, जिसकी बजह से उनके घरों में रखा खाने-पीने का सामन बह गया, जिससे काफी नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी जैसे ही विधायक बृजेंद्र सिंह को लगी तो वह तीनों ग्रामों में प्रशासन को लेकर पहुंचे और घर-घर जाकर नुकसान को देखा और लोगों से चर्चा की तीन ग्रामों में तकरीबन 250 परिवार ऐसे है जिनका नुकसान होना बताया है जिन ग्रामों में नुकसान हुआ है उनमें अमनचार, बमनखिरिया और रूहाना शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि रात में बादल फटने से करीबन एक घंटे जोरदार बारिश हुई जिससे आसपास के नाले उफान पर आ गए और पुलियों पर 5 से 6 फीट तक पानी आ गया जो लोगों के घरों में भर गया, जिससे घरों में रखा



गेहूं, खाद, बीज, किसानों के पाइप, बकरिया, कच्चे मकान, सहित पक्के मकानों को भी नुकसान हुआ है सहित साम्रगी के साथ अन्य चीजों का नुकसान हुआ है। वही ग्राम देवरछि में तेज बहाव में एक ट्रेक्टर-ट्राली वह गया तेज बारिश का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब ग्रामीण सो रहे थे तो उनको घरों में पानी इतना बढ़ा कि पलंग तक पानी आ गया। आनन-फानन में लोगों ने जैसे तैसे जो बच सका उसे बचाने में लगे गए। वही विधायक श्री यादव सबसे पहले अमनचार पहुंचे जहां ग्रामीणों के घरों में जाकर नुकसान को देखा तो ग्रामीणों ने बताया कि जहा खाने पीने के सामन का नुकसान तो हुआ ही है साथ ही खेती के पाइप तेज बहाव में वह गए है। इसके बाद बम्मन खिरिया पहुंचे जहां लोगों के घरों में 2 से 3 फिट पानी आ गया और गृहस्थी का सामन पूर्ण रूप से खराब हो गया। इसके अलावा रूहाना में भी यही हालत देखने को मिले ग्रामीणों की माने तो उन्होंने अपने जीवन में इतने कम समय में इतना पानी देखा जबकि ग्रामीण सोए हुए है एक घंटे की बारिश ने पूरे ग्राम को डूबा दिया ओर लोग परेशान होते रहे।

**रात चार बजे ही पहुंची तहसीलदार :**

बाढ़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जैसे ही ग्रामीणों ने रात में इसकी जानकारी तहसीलदार सोनम शर्मा को दी गई तो वह तुरंत ही पटवारी को लेकर मौके पर पहुंची। जिसकी तारीफ ग्रामीणों ने विधायक से की गई और कहा कि तहसीलदार रात चार बजे पहुंच गई और हर संभव मदद की गई यह सुनकर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि आज के समय कई अधिकारी ऐसे है जो रात में अपना फोन बंद रखते है ऐसे में तहसीलदार ने न केवल फोन उठाया बल्कि रात में पहुंचकर लोगों को हर संभव मदद की गई में जब तक पहुंचा तब तक उनका सर्वे हो चुका था।

**राशन वितरण के साथ खाने की गई व्यवस्था :**

बाढ़ में सबसे ज्यादा नुकसान खाद्य पदार्थों को हुआ है जिससे लोगों के लिए खाने तक को कुछ नहीं बचा है। विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने सभी लोगों के खाने की व्यवस्था कराई गई और सूखा राशन भी भेजा गया हैं जिससे कोई भी व्यक्ति इस बाढ़ में भूखा न रहे और जल्द ही सर्वे पूरा कराकर मुआवजा राशि का वितरण भी किया जाएगा। वहीं एक छात्र की गीली किताबें देख विधायक ने नई किताबें में दिलवाये जाने की बात कहीं।

***इनका कहना है।***

*मूसलाधार बारिश से तीन ग्रामों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे और वहां भारी नुकसान हुआ है जिसका निरीक्षण घर- घर जाकर किया गया है। बाढ पीड़ित जितने भी लोग है, उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी और जल्द ही मुआवजा राशि भी दिलवाई जाएगी। लोगो के घरों में बाढ़ का पानी भर जाने से घरों में रखे खाद्य पदार्थों के साथ घर में रखा राशन भी खराब हो गया है इस बारे में केंद्रीय मंत्री सिंधिया और मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी और उन्हें पूरी जानकारी दी जाएगी।*

***बृजेंद्र सिंह यादव,***
***विधायक मुंगावली।***

# नपाध्यक्ष ने ली योजना शाखा की बैठक

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने नगर पालिका कार्यालय में जन्म - मृत्यु शाखा एवं योजना शाखा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें नपाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई हितग्राही जन्म, मृत्यु या विवाह प्रमाण पत्र बनवाने आता है, तो उसके आवश्यक दस्तावेज लेकर तुरंत प्रमाण पत्र जारी करें।**



किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार, यदि कोई नागरिक संबल कार्ड या अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने आता है तो उसे भी शीघ्र लाभ दिलाने का प्रयास करें। नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानोरिया ने कहा कि यदि किसी प्रकार की शिकायत उनके पास पहुंचती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया का दो दिवसीय दौरा आज से प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से दो दिन के लिए क्षेत्र के दौरे पर रहेगे, इस दौरान वह बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे और नुकसान के बारे में चर्चा करेंगे। इसके अलावा वह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

दरअसल केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 22 अगस्त एवं 23 अगस्त को जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 22 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे बांसखेडा जिला शिवपुरी से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे विधानसभा क्षेत्र चंदेरी के ग्राम अखाईघाट आयेगें एवं अखाईघाट में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। दोपहर 3.30 बजे अखाईघाट से प्रस्थान कर दोपहर 3.40 बजे शाजापुर आयेगें एवं शाजापुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। अपरान्ह् 4.10 बजे शाजापुर से प्रस्थान कर अपरान्हा 4.20 बजे ग्राम पोरुखेड़ी पहुंचेगें एवं पोरुखेड़ी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। अपरान्हे 4.50 बजे पोरुखेड़ी से प्रस्थान शाम 5 बजे अमरोड़ सद्दू पहुंचेगें एवं अमरोड़ सद्दू के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। शाम 5:30 बजे अमरोड़ सद्दू से प्रस्थान कर सायं 6.45 बजे गांधी पार्क अशोकनगर आयेगें एवं स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। सायं 07.10 बजे तायडे कालोनी अशोकनगर में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। सायं 7:25 बजे तायडे कालोनी अशोकनगर से प्रस्थान कर अशोकनगर कलेक्ट्रेट के पास स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेगें। तत्पश्चात् सर्किट हाउस अशोकनगर पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें।

वहीं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 23 अगस्त को प्रात 10.15 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर प्रात 10.30 बजे पथरिया अशोकनगर पहुंचेगें एवं केंद्रीय विद्यालय का भ्रमण कर बच्चों से बातचीत करेगें। प्रात 11.45 बजे पथरिया अशोकनगर से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे विधानसभा क्षेत्र मुंगावली के ग्राम बरखेडा जमाल पहुचेगें एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। दोपहर 01.15 बजे ग्राम बरखेडा जमाल से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे गोरा बहादुरपुर पहुंचेगें एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगें। तत्पश्चात ग्राम गोरा बहादुरपुर से गुना के लिए प्रस्थान करेगें।


**धर्म-कर्म**

**24 तीर्थंकर भगवतों के गुणानुवाद कृति का हुआ लोकार्पण**

# संकट कभी-कभी अच्छे के लिए आता है : सुधासागर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भगवान होकर जिसने मेरे लिए भावना वही सुखी रहें सब जीव जगत के सब कुछ होते हुए भी इतनी बड़ी शक्ति संसार की ओर मुड़कर देख रहा है कि मेरे पीछे जो आ रहा है वह सब सही सलामत रहे क्यों बनते है तीर्थंकरो के मन्दिर इतनी बड़ी सख्सीयत आपकी चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कार्य खुद कर सकता हूं ये मेरे बिल पावर की बात है भगवान किसी का सहारा नहीं लेता संसार में फंसकर बहुत बड़ी ग़लती हो गई उसका सबसे प्रायाश्चित अपनी संतान को मुनि बनना ऐसा सुना था हमारे आचार्यश्री की मां श्री मनती जी आर्यिका बनना चाहिए थी लेकिन उन्हें विवाह बंधन में बंधना पड़ा और उनकी कोख से विद्याधर जैसे पुत्र को जन्म दिया जिन्हें संसार ने संत शिरोमणि



आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज बनकर जगत के सामने आये और जिन शासन के ध्वज को आकाश की ऊंचाई दी। दो हजार साल में ऐसा वालयति संघ बनाया उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कभी-कभी संकट भी बहुत अच्छा के लिए आता है एक व्यक्ति दौड़ कर जा रहा है उसे कांटा लग गया वह रूक कर अपने आप को कोसने लगा तब ही सामने बम फट गया, वह जिस कांटे के लगने पर अपने को कोष रहा था वहीं उसका धन्यवाद करने लगा तो संकट भी कभी कभी अच्छे के लिए आते हैं। सदा संकट को दु:ख का कारण ही ना समझा जाना चाहिए

**चौबीस तीर्थंकर भगवानो के विधान की कृति का हुआ लोकार्पण:**

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि 24 अगस्त को जैन तीर्थो के विकास और उत्थान सुरक्षा और सेवा को लेकर भारतीय जैन मिलन के संयोजक में विशाल राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में रखा जा रहा है। इस संदर्भ में जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन ने बताया कि सम्मेलन में देश भर जैन मिलन के पदाधिकारियों के साथ अन्य प्रमुख जन पधार रहे हैं अशोकनगर जैन मिलन, पार्श्व जैन मिलन, सैटल जैन मिलन, युवा मिलन ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का निवेदन किया है। वहीं जैन दर्शन के चौबीस तीर्थंकर भगवानो की जीवन गाथा के साथ उनके गुणानुवाद रूप महा भक्ति से सज्जित चौबीस तीर्थंकर महा आराधना कृति का विमोचन श्रावक श्रेष्ठी श्री टाया के साथ जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल और उनकी टीम द्वारा किया गया।

# 10 शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने पर 10 शासकीय सेवकों को कारण बताओं नोटिस जारी किये गए है। जारी आदेशानुसार परियोजना अधिकारी जितेन्द्री तिवारी एवं सेक्टार पर्यवेक्षक अरूणा शाक्यवार राजपुर एकीकृत बाल विकास परियोजना अशोकनगर ग्रामीण को कारण बताओं नोटिस जारी किये गए है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के भ्रमण के दौरान संबंधित आंगनवाडी केन्द्रों में रिकार्ड व्यवस्थित रूप से संधारित न होने पर कार्यवाही की गई। इसी प्रकार बीएसी गंगाराम राजौरिया एवं सीएसी कृष्णूभान सिंह यादव एवं नीलम सिंह यादव जनशिक्षा केन्द्र राजपुर, इमरत लाल कुन्देले एवं चतरूलाल नायक, योगिता दीक्षित, आंकाक्षा शर्मा, पटवारी अभिषेक चौहान हल्का नम्बर 69 ग्राम सेमरा तहसील अशोकनगर को हल्का मुख्यालय पर उपस्थित नही पाये जाने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्रमांक/ड-154/2025-26

चंदेरी दिनांक 21/08/2025

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक कल्लू आदिवासी पुत्र रामलाल आदिवासी निवासी ग्राम जारसल तहसील चंदेरी द्वारा अपनी माता सुनाबाई आदिवासी पति रामलाल आदिवासी की मृत्यु दिनांक 28/03/2017 ग्राम जारसल में मृत्यु होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 25/08/2025 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता ह, बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी।

**दिलीप दरोगा**
**तहसीलदार( वृत-3 थूवोन)**
**तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर मप्र**